# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2016

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2016

## (ANNUAL / वार्षिक)

# PSYCHOLOGY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 28 तक में दिए गये विकल्पों में से एक ही सही उत्तर है। प्रत्येक प्रश्न के उस सही उत्तर को विकल्पों में से चुनें:

bsebresult.in

1. कौशल के बारे में कौन कथन सही है ?

(a) कौशल में व्यक्ति की मनोवृत्ति में परिवर्तन होता है।

(b) कौशल एक जन्मजात गुण होता है

(c) कौशल को प्रशिक्षण से अर्जित किया जाता है

(d) इनमें से कोई नहीं

2. मनोवैज्ञानिक के बौद्धिक कौशल को किस श्रेणी में रखा जाएगा ?

(a) सामान्य कौशल

(b) प्रेक्षणात्मक कौशल

(c) विशिष्ट कौशल

(d) इनमें से कोई नहीं

3. निम्नांकित में संचार की कौन विशेषता नहीं है ?

(a) संचार गत्यात्मक होता है।

(b) संचार सतत होता है

(c) संचार का स्वरूप अंतरसक्रिय होता है

(d) संचार का स्वरूप पलटावी होता है

4. पर्यावरण के संदर्भ में कौन कथन सही है ?

(a) पर्यावरण से तात्पर्य भौतिक वातावरण से होता है।

(b) पर्यावरण से तात्पर्य सामाजिक वातावरण से होता है।

(c) पर्यावरण से तात्पर्य सांस्कृतिक वातावरण से होता है

(d) पर्यावरण से तात्पर्य ऊपर तीनों पहलुओं से होता है

bsebresult.in

5. कोलाहल की विशेषताओं में किसे शामिल नहीं किया जा सकता है ?

(a) तीव्रता

(b) पूर्वानुमेयता

(c) नियंत्रण योग्यता

(d) क्रमबद्धता

6. सामाजिक दूरी में संप्रेषण कर्ता तथा श्रोता के बीच की दूरी होती है

(a) 18 इंच से 4 फीट

(b) 4 फीट से 10 फीट

(c) 0 से 18 इंच

(d) इनमें से कोई नहीं

7. अंत्योदय का उद्देश्य क्या है ?

(a) धनी व्यक्तियों से गरीबों के लिए धन माँगना

(b) गरीबों को मेडिकल मदद करना

(c) गरीबों की संपन्नता स्तर को बढ़ाना

(d) इनमें से कोई नहीं

8. सामान्य अनुकूलन संलक्षण या जी. ए. एस. के संप्रत्यय को किसने प्रस्तुत किया ?

(a) जिम्बार्डो

(b) हँस सेली

(c) मार्टिन सेलिगमैन

(d) इनमें से कोई नहीं

9. निम्नलिखित में कौन बुलिमिया विकार है ?

(a) भोजन विकार

(b) नैतिक विकार

(c) भावात्मक विकार

(d) चरित्र विकार

10. मनोगत्यात्मक चिकित्सा का प्रतिपादन किसने किया ?

(a) रोजर्स

(b) आलपोर्ट

(c) फ्रायड

(d) वाटसन

bsebresult.in

11. मनोवृत्ति परिवर्तन प्रक्रिया में संतुलन या पी-ओ-एक्स का संप्रत्यय किसने प्रस्तावित किया ?

(a) मुहम्मद सुलेमान

(b) एस. एम. मोहसीन

(c) हाइडर

(d) मैसलो

12. किसने कहा कि "अमूर्त चिन्तन की योग्यता वृद्धि है" ?

(a) बिने

(b) टरमन

(c) रेबर

(d) इनमें से कोई नहीं

13. परामर्श का उद्देश्य होता है

(a) विकासात्मक

(b) निरोधात्मक

(c) उपचारात्मक

(d) इनमें से सभी

14. फ्रायड के अनुसार मन के आकारात्मक मॉडल है ?

(a) चेतन

(b) उपाह

(c) अहम्

(d) पराहम

bsebresult.in

15. निम्न में से कौन सामान्य अनुकूलन संलक्षण के चरण हैं ?

(a) चेतावनी प्रतिक्रिया

(b) प्रतिरोध

(c) सहनशीलता

(d) प्रत्याहार

16. संवेगात्मक बुद्धि के तत्वों में निम्नलिखित में से किसे नहीं रखा जा सकता है ?

(a) अपने संवेगों की सही जानकारी रखना

(b) स्वयं को प्रेरित करना

(c) दूसरे को धमकी देना

(d) दूसरे के संवेगों को पहचानना

bsebresult.in

17. व्यक्ति के जीवन में सफलता का कितना प्रतिशत संवेगात्मक बुद्धि से निर्धारित होता है ?

(a) लगभग 60 प्रतिशत

(b) लगभग 70 प्रतिशत

(c) लगभग 80 प्रतिशत

(d) लगभग 100 प्रतिशत

18. आदर्श व्यवहार के संबंध में स्थायी विश्वास को कहा जाता है

(a) व्यक्तित्व

(b) मूल्य

(c) अभिरुचि

(d) अभिक्षमता

by: BSEBResult.In

bsebresult.in

19. थर्स्टन के अनुसार बुद्धि में कितने प्राथमिक मानसिक योग्यताएँ उपस्थित होती हैं?

(a) 5

(b) 6

(c) 7

(d) 8

20. व्यक्तित्व सिद्धांत के विशेषक उपागम का अग्रणी है

(a) फ्रायड

(b) युंग

(c) ऑलपोर्ट

(d) क्रेश्मर

bsebresult.in

21. किसने आदर्श सकारात्मक आदर का संप्रत्यय दिया है ?

(a) फ्रायड

(b) मैकिनले

(c) रोजर्स

(d) एडलर

22. निम्नलिखित में कौन स्नायु विकृति नहीं है

(a) मनोविदलता

(b) चिंता विकृति

(c) बाध्य विकृति

(d) दुर्भीति

23. बाह्य आवेधक के प्रति प्रतिक्रिया को कहा जाता है

(a) अनुकूलन

(b) बर्न आउट

(c) समायोजन

(d) खिंचाव

24. दबाव प्रतिरोधी व्यक्तित्व में कौन विशेषता नहीं पायी जाती है ?

(a) दुश्चिंता

(b) प्रतिबद्धता

(c) चुनौती

(d) नियंत्रण

25. किसने सर्वप्रथम स्वीकार किया कि द्वंद्व एवं अन्तर्वैयक्तिक संबंधों में बाधा मानसिक विकारों के महत्वपूर्ण कारण हैं ?

bsebresult.in

(a) हिपोक्रेटस

(b) जॉन वेयर

(c) सुकरात

(d) गैलन

26. पूर्वाग्रह एक प्रकार है

(a) मनोवृत्ति का

(b) मूल प्रवृत्ति का

(c) संवेग का

(d) प्रेरणा का

27. निम्नांकित में से कौन कायरूप विकार है ?

(a) पीड़ा विकार

(b) काय आलंबिता विकार

(c) परिवर्तन विकार

(d) इनमें से सभी

28. उत्पीड़न भ्रमासक्ति एक लक्षण है

(a) भावदशा विकार का

(b) मनोविदलता का

(c) कायरूप विकार का

(d) विच्छेदी विकार का

SECTION - B

bsebresult.in

प्रश्न संख्या 1 से 10 तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 7 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।

1. अभिवृत्ति परीक्षण की उपयोगिता का वर्णन करें।

2. क्या विद्‌युत-आक्षेपी चिकित्सा मानसिक विकारों के लिए उपयोगी है ?

3. बुद्‌धि के मुख्य प्रकारों की व्याख्या करें।

4. प्रतिबल को दूर करने के तीन उपायों का वर्णन करें।

5. बुद्‌धि परीक्षण की उपयोगिताओं का वर्णन करें।

6. प्राकृतिक पर्यावरण तथा निर्मित पर्यावरण में अंतर करें।

7. तादात्म्य से आप क्या समझते हैं ?

8. अंतरसमूह प्रतिस्पर्धा से आप क्या समझते हैं ?

9. उत्तरदायित्व के बिखराव से आप क्या समझते हैं ?

10. मनोग्रस्ति तथा बाध्यता व्यवहार के बीच विभेद स्थापित करें।

प्रश्न संख्या 11 से 15 दीर्घ उत्तरीय कोटि के हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 7 अंक निर्धारित है। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें।

11. दुश्चिंता विकार के विभिन्न लक्षणों का वर्णन करें।

12. मानव व्यवहार पर प्रदूषण के प्रभावों का वर्णन करें।

13. कार्ल रोजर्स की विचारधारा का वर्णन करें।

14. आक्रामकता क्या है ? आक्रामकता के कारणों का वर्णन करें।

15. समूह संघर्ष क्या है ? समूह संघर्ष का समाधान करने के लिए विभिन्न तरह के उपायों का वर्णन करें।

bsebresult.in

बिहार बोर्ड से संबंधित सभी जानकारी, लेटेस्ट न्यूज़, प्रश्न पत्र, मॉडल पेपर, एडमिट कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, परीक्षा तिथियां, आधिकारिक डायरेक्ट लिंक इत्यादि सबसे पहले पाने के लिए...

BSEBResult.In

विजिट करें।

bsebresult.in